## एक नजर में

### मनासा पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान



**मनासा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मनासा पुलिस द्वारा मंदसौर नाका, मनासा पर साइबर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान तकरीबन 60 से 70 नागरिकों को एकत्रित कर साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया पर सावधानी बरतने तथा साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन एवं साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी साबेरा अंशारी, थाना प्रभारी निलेश अवस्थी, उप निरीक्षक सपना राठौर, प्रधान आरक्षक मनोहर बैरागी, आरक्षक कुशल पाल एवं आरक्षक सुनील माली उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से सतर्क एवं जागरूक रहने तथा साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी अपने परिवार एवं आसपास के लोगों तक पहुँचाने की अपील की।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर भाजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, राष्ट्रवाद और संगठन पर हुआ मंथन



**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा परम श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य में आयोजित स्मरण पक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत मनासा स्थित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन में वक्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक कार्यपद्धति, विचारधारा और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी जीवन-दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा, राष्ट्रीय एकता और संगठन के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है तथा उनके विचार प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुभाष पटेल, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू, जिला महामंत्री नरेंद्र मालवीय एवं धनसिंह कैथवास, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह सिसोदिया, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष समरथ बागवान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू नागदा, मंडल अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा राष्ट्रहित के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया गया।

### जयकारों से गूंजा नगर ,घास बावजी का दिव्य भ्रमण



**अठाना।** अच्छी बारिश की कामना को लेकर रविवार को अठाना नगर में लोक आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिला। यहां गंभीरी नदी के समीप घास बावजी नामक लोक देवता की विशेष पूजा-अर्चना की गई और ढोल-नगाड़े व बैंड बाजे के साथ देवता को पूरे नगर में भ्रमण कराया गया। नगरवासियों की मान्यता है कि घास बावजी नामक लोक देवता की पूजा से क्षेत्र में अच्छी बारिश होती है। इसी आस्था के चलते सुबह से ही मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा की और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद देवता की ट्रैक्टर के साथ नगर भ्रमण निकाला गया। इस दौरान ढोल, बैंड और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। लोग 'घास बावजी की जय' के नारे लगाते हुए चल रहे थे। व्यापारियों ने भी जगह-जगह पुष्प वर्षा कर देवता का स्वागत किया। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल मानसून से पहले इस परंपरा को निभाया जाता है ताकि समय पर बारिश हो और फसल अच्छी हो।

### राष्ट्रीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का कलेक्टर ने पहली चाल चलकर किया शुभारंभ



**नीमच।** जिला शतरंज संघ, नीमच द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को टाउन हॉल, नीमच में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में नीमच सहित मध्यप्रदेश एवं देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की जा रही है। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शतरंज की पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता की सबसे कम आयु की प्रतिभागी 4 वर्षीय सानवी गर्ग (नीमच) एवं सबसे वरिष्ठ प्रतिभागी 85 वर्षीय श्री आर.के. गुप्ता (झांसी) ने भी कलेक्टर श्री चंद्रा के साथ प्रतीकात्मक चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन, तार्किक सोच एवं निर्णय क्षमता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जिले में शतरंज के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए आगामी माहों में राष्ट्रीय स्तर की और शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के प्रयास किए जाएंगे। साथ ही जिले के खिलाड़ियों को नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शतरंज प्रशिक्षकों की व्यवस्था करने की दिशा में भी आवश्यक पहल की जाएगी। कलेक्टर श्री चंद्रा ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रत्येक प्रतियोगिता सीखने, स्वयं को परखने और आगे बढ़ने का अवसर होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूर्ण आत्मविश्वास, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प ही खिलाड़ी को उत्कृष्टता के शिखर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को प्रोत्साहित करना, जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराना।

# नीमच पुलिस की कॉम्बिंग गश्त में 121 वारंट तामील, 130 किलो डोडाचूरा जब्त

**नीमच।** जिले में अपराधियों और अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए नीमच पुलिस ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान 121 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, जबकि एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम एवं अन्य कानूनों के तहत 17 केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। सबसे बड़ी सफलता पुलिस थाना जावद-सिंगोली को मिली, जहां अलग-अलग कार्रवाई में 130 किलो 800 ग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

यह विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में संचालित किया गया। अभियान में समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहा। पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपियों की धरपकड़, आदतन अपराधियों की निगरानी, होटल-लॉज एवं ढाबों की जांच तथा महिला संबंधी अपराधों में संलिप्त अपराधियों की विशेष चेकिंग की।

**121 वारंट तामील :** कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए 121 वारंटों का निष्पादन किया। इनमें 40 स्थायी वारंट तथा 81 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। इनमें मादक पदार्थ तस्करी, शरीर संबंधी अपराधों व संपत्ति संबंधी अपराधों के आरोपी शामिल रहे।

**जावद और सिंगोली पुलिस को बड़ी सफलता:** नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना जावद ने एक मारुति अर्टिगा कार से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा 60 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं सिंगोली थाना पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार से 70 किलो 800 ग्राम डोडाचूरा जब्त किया। दोनों कार्रवाइयों में कुल 130 किलो 800 ग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ।



**अपराधियों पर आगे भी जारी रहेगा शिकंजा**

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने कहा कि नीमच पुलिस जिले में शांति, सुरक्षा और सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों और अवैध गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**180 से अधिक वाहन जांचें, 52 चालान:** अभियान के दौरान जिले में 12 संयुक्त चेकिंग प्वाइंट स्थापित किए गए। पुलिस ने 180 से अधिक वाहनों की जांच की तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 52 वाहन चालकों के चालान बनाकर 23,600 रुपये का समन शुल्क वसूला। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

**होटल-ढाबों की जांच:** अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले के 53 होटल, लॉज एवं ढाबों की औचक जांच की गई। संचालकों को निर्देश दिए गए कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के आने की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें।

**आबकारी एक्ट में कार्रवाई:** पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 13 प्रकरण दर्ज कर लगभग 68 लीटर अवैध देशी एवं कच्ची शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 8,700 रुपये बताई गई। वहीं सट्टा एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज कर 730 रुपये बरामद किए गए।

**निगरानी बदमाशों की जांच:** कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 112 निगरानी बदमाशों व गुंडों के साथ 4 जिलाबदर अपराधियों की विशेष जांच की। उनके निवास, उपस्थिति एवं आजीविका संबंधी जानकारी का सत्यापन किया। महिला अपराधों में संलिप्त 4 आदतन अपराधियों का रिकॉर्ड भी अपडेट किया गया।

## बाल सगाई को लेकर दो गांवों में बढ़ा विवाद हथियारों के साथ पहुंचे युवक

**नीमच।** जिले के मनासा क्षेत्र में वर्षों पहले तय हुई एक बाल सगाई को लेकर दो गांवों के बीच तनाव की स्थिति बन गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक फोटो को लेकर पैदा हुई गलतफहमी के बाद लड़के पक्ष के लोग हथियारनुमा सामान लेकर युवती के गांव पहुंच गए। हालांकि समाज के पंचों और दोनों पक्षों के वरिष्ठजनों की समझाइश से मामला शांत हो गया और कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो एयरगन जब्त कर 8 से 10 लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मनासा क्षेत्र के दुर्गापुरा निवासी बाबूलाल बंजारा के पुत्र दयानंद की बाल सगाई करीब 10 से 12 वर्ष पूर्व मांगरोल गांव की एक युवती से तय हुई थी। हाल ही में युवती का अपने मामा (अंकल) के साथ खिंचवाया गया एक पारिवारिक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। फोटो को लेकर लड़के पक्ष में गलतफहमी पैदा हो गई और उन्होंने इसे समाज की परंपराओं से जोड़ते हुए आपत्ति जताई। बताया जा रहा है कि समाज की बार (पंचायत) व्यवस्था के तहत लड़के पक्ष के कई लोग विरोध दर्ज कराने और कथित रूप से लाखों रुपये के जुर्माने की मांग को लेकर मांगरोल गांव की ओर रवाना हुए।

## बाढ़ जैसी आपदा से निपटने को तैयार नीमच होमगार्ड

**नीमच।** मानसून के सक्रिय होने के साथ ही जिले में संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए नीमच होमगार्ड ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार रविवार को मोरवन डैम पर विशेष बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य जवानों को किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य के लिए तैयार करना था। होमगार्ड कमांडेंट युवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के लगभग 40 होमगार्ड जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों ने जवानों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित तरीके से राहत एवं बचाव कार्य करने, डूबते लोगों को बाहर निकालने, रस्सियों एवं लाइफ सेविंग उपकरणों का उपयोग, तैराकी, बोट संचालन तथा आपदा के समय समन्वित कार्रवाई के गुर सिखाए।



**रेस्क्यू तकनीकों का किया लाइव प्रदर्शन:** प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने विभिन्न रेस्क्यू तकनीकों का प्रदर्शन भी किया। डेमो के माध्यम से बताया गया कि बाढ़ में फंसे लोगों तक कम समय में कैसे पहुंचा जाए, उन्हें सुरक्षित तरीके से बाहर निकालकर राहत शिविरों तक कैसे पहुंचाया जाए तथा सीमित संसाधनों में भी प्रभावी बचाव अभियान कैसे चलाया जाए। जवानों ने बोट संचालन, लाइफ जैकेट के उपयोग और पानी में बचाव संबंधी अभ्यास कर दक्षता का प्रदर्शन किया।

**बारिश में बढ़ जाती है जिम्मेदारी:** कमांडेंट युवराज सिंह चौहान ने बताया कि हर वर्ष मानसून के दौरान जिले की कई नदियां और नाले उफान पर आ जाते हैं, जिससे कई क्षेत्रों में जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसे समय में होमगार्ड जवान प्रशासन की सहायता करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए समय रहते प्रशिक्षण देकर उन्हें हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आपदा के समय त्वरित निर्णय, टीमवर्क और तकनीकी दक्षता सबसे महत्वपूर्ण होती है।

## राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की कार्यशाला में निखर रही बच्चों की अभिनय प्रतिभा

**नीमच।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी), नई दिल्ली के मार्गदर्शन में कलाव्योम फाउंडेशन एवं रंगाभास नाट्यशाला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय निःशुल्क बाल रंगमंच एवं अभिनय कार्यशाला बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को नई उड़ान दे रही है। इंदिरा नगर स्थित फ्यूचर प्राइड स्कूल परिसर में 25 जून से संचालित इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न विद्यालयों के करीब 40 बाल प्रतिभागी प्रतिदिन शाम 3 से 7 बजे तक रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में अभिनय कौशल विकसित करने के साथ-साथ संवाद क्षमता, रचनात्मक सोच और व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना है। खेल-आधारित गतिविधियों और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से बच्चों को सीखने का अवसर मिल रहा है, जिससे वे पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं।

**अनुभवी रंगकर्मियों से मिल रहा प्रशिक्षण:** कार्यशाला का निर्देशन प्रख्यात अभिनेता एवं रंगकर्मी सुशील कांत मिश्रा कर रहे हैं। वहीं वरिष्ठ रंगकर्मी सावित्री मिश्रा बच्चों को वॉइस एंड स्पीच, स्टोरी टेलिंग, एकाग्रता, अवलोकन क्षमता, रिद्म (लय) तथा मंचीय अभिव्यक्ति का प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को अभिनय के साथ-साथ मंच अनुशासन, शरीर की भाषा (बॉडी लैंग्वेज), भाव-भंगिमाओं और मंच संचालन की बारीकियों से भी परिचित कराया जा रहा है।

**रंगमंच से विकसित होता है व्यक्तित्व:** कार्यशाला समन्वयक अपर्णा भोसले ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगमंच केवल कलाकार तैयार करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। इसके माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और प्रभावी संवाद कौशल का विकास होता है। उन्होंने बच्चों से सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने और रंगमंच से जुड़े रहने का आह्वान किया। कार्यशाला में बच्चों को यह भी समझाया जा रहा है कि अभिनय केवल संवाद बोलना या किसी की नकल करना नहीं है, बल्कि किसी पात्र की भावनाओं, परिस्थितियों और मनोभावों को आत्मसात कर उसे जीवंत रूप में प्रस्तुत करने की कला है।

### नीमच में अब तक औसत 201.4 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 201.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 314.8 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 5 जुलाई 2026 की प्रात: 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 224.0 मि.मी., जावद में 202.0 मि.मी., सिंगोली में 226.7 मि.मी. तथा मनासा में 153.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 293.6 मि.मी., जावद में 330.0 मि.मी., सिंगोली में 435.8 मि.मी. तथा मनासा में 200.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

## ड्रेनेज कार्य के बाद जर्जर हुई सड़क बनी हादसों का कारण

- एक ही स्थान पर बार-बार फिसल रहे दोपहिया वाहन, सीसीटीवी में कैद हुए हादसे, वार्डवासियों में आक्रोश

**नीमच।** उपनगर बघाना के वार्ड क्रमांक 39 स्थित बाबा रामदेव मंदिर मार्ग इन दिनों नगर पालिका की लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन गया है। ड्रेनेज लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदने के बाद महीनों बीत जाने के बावजूद उसकी मरम्मत नहीं कराई गई, जिससे पूरा मार्ग गड्ढों और उबड़-खाबड़ हिस्सों में तब्दील हो गया है। हालात ऐसे हैं कि यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक रोजाना हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क अब आवागमन का रास्ता कम और दुर्घटनाओं का केंद्र अधिक बन गई है।

**सीसीटीवी में कैद हुए लगातार हादसे, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल:** सड़क की बदहाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक ही स्थान पर हुए दो अलग-अलग सड़क हादसे पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठे हैं।

**दोपहर में महिला सहित बाइक सवार गिरा:** पहले वायरल वीडियो में दोपहर के समय एक बाइक चालक अपनी महिला साथी के साथ इस मार्ग से गुजरता दिखाई देता है। जैसे ही बाइक सड़क के धंसे हुए और ऊबड़-खाबड़ हिस्से पर पहुंचती है, चालक संतुलन खो बैठता है और दोनों सड़क पर गिर जाते हैं। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचते हैं और दोनों को उठाने के साथ बाइक को भी सड़क किनारे करते हैं। हादसे में दोनों को चोटें आईं, हालांकि बड़ा हादसा टल गया।



**जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग**

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि जनहित को देखते हुए बाबा रामदेव मंदिर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही जब तक सड़क पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो जाती, तब तक वहां चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड्स और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि और कोई व्यक्ति इस लापरवाही का शिकार न बने। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे जनआंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

**रात में दंपती की बाइक पलटी, बाल-बाल बची जान:** दूसरे सीसीटीवी फुटेज में रात के समय एक दंपती बाइक से उसी मार्ग से गुजर रहा होता है। अंधेरे और खराब सड़क के कारण चालक गड्ढे का अंदाजा नहीं लगा पाता और बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाती है। दोनों सड़क पर गिर जाते हैं। गनीमत रही कि लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उन्हें संभाला, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता था।

**शिकायतों के बावजूद नहीं जागा जिम्मेदार अमला:** स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि सड़क की इस बदहाल स्थिति को लेकर कई बार क्षेत्रीय पार्षद और नगर पालिका के अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क दुरुस्त कर दी जाती तो आए दिन हो रहे हादसों से बचा जा सकता था।

**बरसात में और बढ़ा खतरा:** वार्डवासियों का कहना है कि बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का पता नहीं चलता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

## 5 बसों में 250 श्रद्धालुओं का जत्था नीमच से 10 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**नीमच।** आस्था, श्रद्धा और उत्साह के बीच रविवार को शहर के दशहरा मैदान से बाबा बर्फानी के पावन दर्शन के लिए 250 श्रद्धालुओं का जत्था 5 बसों में सवार होकर 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, परिजन एवं धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने यात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर तिलक लगाया तथा उनकी सुखद, सुरक्षित एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

बसों के प्रस्थान से पूर्व भगवान का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' और 'जय बाबा बर्फानी' के जयघोष लगाए, जिससे पूरा दशहरा मैदान शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं में अमरनाथ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई श्रद्धालु पहली बार बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुए, जबकि कुछ श्रद्धालु पूर्व में भी यात्रा कर चुके हैं और इस बार भी बाबा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने जा रहे हैं।

यात्रा आयोजकों ने बताया कि यह 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा विभिन्न प्रमुख तीर्थ एवं ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अमरनाथ धाम के अलावा अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर, भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित वाघा बॉर्डर, राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर, करणी माता मंदिर (देशनोक) तथा सालासर बालाजी धाम सहित अनेक प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे।

एक नजर — ऑपरेशन 'मुस्कान' के तहत मनासा पुलिस की त्वरित कार्रवाई

## 48 घंटे में नाबालिग अपहृत बालिका बरामद

**नीमच।** जिले में लापता एवं अपहृत बच्चों की सुरक्षित बरामदगी के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत मनासा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जबकि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में गठित टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।



**सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी बालिका:** पुलिस के अनुसार, 1 जुलाई 2026 को फरियादी ने थाना मनासा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री सहेली के घर पढ़ने जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बालिका के नाबालिग होने के कारण थाना मनासा में अपराध क्रमांक 322/2026 दर्ज कर प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू की गई।

**तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना से मिली सफलता:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अलग-अलग टीमें गठित कर बालिका की तलाश शुरू की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), तकनीकी विश्लेषण, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा मुखबिर तंत्र की मदद ली गई। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने 48 घंटे के भीतर नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया तथा उसे अपने संरक्षण में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।